पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने अयोध्या में दीनबंधु फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया

10 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज अयोध्या फैजाबाद में महंत नृत्यगोपाल दास के 78वें जन्म दिवस के अवसर पर दीनबंधु फिजियोथेरेपी केन्द्र का लोकार्पण किया तथा 7 दिवसीय भागवत कथा शिविर का उद्घाटन भी किया, जिसमें सुविख्यात भागवत कथाकार श्री देवकी नन्दन द्वारा कथा वाचन किया जायेगा। दीनबंधु फिजियोथेरेपी केन्द्र का निर्माण संस्था कल्याणं करोति के माध्यम से किया गया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर महंत नृत्यगोपाल दास को शतायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना देते हुए कहा कि वे 82 वर्ष के हैं और महंत नृत्यगोपाल दास जी 78 वर्ष के। अपने यहाँ बड़प्पन बसंत देखने नहीं बल्कि समाज सेवा के आधार पर तय होते हैं। उन्होंने कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास जी की प्रभु के चरणों की सेवा अतुलनीय है।

श्री नाईक ने कहा कि भगवान राम ने जिस प्रकार अपना जीवन जिया है, उनके चरित्र का प्रभाव समाज पर पड़ा है। उनका जीवन सबके लिए आदर्श है। भगवान राम ने जिस तरह पुत्र धर्म, पति धर्म, भ्रात धर्म एवं राजधर्म निभाया, वह अनुकरणीय है। भागवत गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन का अर्थ समझने में भागवत गीता का बहुत महत्व है। माननीय संवेदना के प्रति समाज में कमी आ रही है। असहाय और पीड़ितों के लिए अपनी संवेदना का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि गीता एवं रामायण के महत्व को समझते हुए अपने जीवन में परिवर्तन लायें।

राज्यपाल ने संस्था कल्याणं करोति की सराहना करते हुए कहा कि संस्था के माध्यम से सभी दानकर्ता धन्यवाद के सहभागी हैं। समाज को उत्तम स्वास्थ्य देना वास्तव में राष्ट्रसेवा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीनबंधु फिजियोथेरेपी केन्द्र की स्थापना से विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से ग्रसित दिव्यांगजनों को उचित एवं प्रभावी चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा।

कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में जगतगुरू रामानुजाचार्य श्री पुरूषोतमाचार्य जी महाराज, महंत कमलनयन दास शास्त्री, डाॅ0 रामानन्द दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (203/6)